www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Student's Copy**

| Serial No. |
|---|
| 1061114 |

**02/GO/CC/M-2025 – 02**

# GENERAL STUDIES – I

*Time* : 3 Hours ] [ *Full Marks* : 300

## Section – I
## खण्ड – I

1. Write short notes on the following :
निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(a) The Indian Councils Act, 1861. **8**
भारतीय परिषद अधिनियम, 1861.

(b) Role of Bihar in the Quit India Movement. **8**
भारत छोड़ो आन्दोलन में बिहार की भूमिका.

(c) Santhal uprising. **8**
संथाल विद्रोह.

(d) Patna Kalam painting. **7**
पटना क़लम चित्रकला.

(e) Art and Architecture of Mauryan Age. **7**
मौर्यकालीन कला एवं स्थापत्यकला.

2. (a) Describe the Champaran Indigo Movement and explain its impacts on the Indian freedom struggle. **38**
चम्पारण नील आन्दोलन का वर्णन कीजिए तथा भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष पर इसके प्रभावों की व्याख्या कीजिए ।

***Or / अथवा***

(b) How far the British policy was responsible for the emergence of Indian National Movement ? Explain. **38**
भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के उदय में ब्रिटिश नितियाँ कहाँ तक जिम्मेवार थीं ? व्याख्या कीजिए ।



Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

3\. *(a)* Examine the expansion of Western Education in Bihar from mid-nineteenth century onward. **38**

बिहार में उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य से आगे पश्चिमी शिक्षा के फैलाव का परीक्षण कीजिए ।

***Or / अथवा***

*(b)* Assess the constructive works of Mahatma Gandhi. **38**

महात्मा गाँधी के रचनात्मक कार्यों का आंकलन कीजिए ।

## Section – II

## खण्ड – II

4\. Answer the following questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

*(a)* Discuss the direction of unity and coalition politics of opposition parties after the defeat of Aam Aadmi Party in Delhi Assembly Elections, 2025. **8**

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में, आम आदमी पार्टी की हार के बाद विपक्षी दलों की एकजुटता और गठबन्धन की राजनीति की दिशा पर चर्चा कीजिए ।

*(b)* Rassia-Ukraine war has completed three years. Throwing light on the causes of this war, and discuss its effects on the World politics. **8**

रूस–युक्रेन युद्ध को तीन वर्ष पूरे हो गए हैं । इस युद्ध के कारणों पर प्रकाश डालते हुए, और इससे विश्व राजनीति पर पड़ने वाले प्रभावों की चर्चा कीजिए ।

*(c)* Maha Kumbh Fair was organized in India from Monday, 13 January, 2025 to 26 February, 2025. How was this fair a symbol of Indian culture, religious faith and social harmony ? Explain with examples. **8**

भारत में सोमवार, 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025 तक महा कुम्भ मेले का आयोजन किया गया । यह मेला भारतीय संस्कृति, धार्मिक विश्वास और सामाजिक समरसता का प्रतीक कैसे है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।



Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

(d) Throw detailed light on the need and importance of caste based Census in Bihar. **7**

बिहार में जाति आधारित जनगणना की आवश्यकता और महत्व पर विस्तृत प्रकाश डालिए ।

(e) Analyze logically what the future of the United States of America will be at national and international level under the leadership of newly elected President Donald Trump. **7**

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भविष्य कैसा होगा, का तर्क सहित विश्लेषण कीजिए ।

**5.** (a) Uttarakhand has became the first state to implement the Uniform Civil Code in India. Explain the Uniform Civil Code in this regard. Also explain with examples, what changes will it bring to the Indian society on social, cultural, religious and legal basis. **38**

उत्तराखण्ड भारत में एकसमान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है । इस सम्बन्ध में एकसमान नागरिक संहिता को समझाइये । साथ ही इससे भारतीय समाज में सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा कानूनी आधार पर क्या परिवर्तन होगें को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

***Or / अथवा***

(b) Discuss the Constitutional provisions governing Presidents Rule in India, giving reasons for the imposition of Presidents Rule in Manipur recently and also evaluate its effectiveness in the present times. **38**

भारत में राष्ट्रपति शासन को नियंत्रित करने वाले संवैधानिक प्रावधानों पर चर्चा करें, हाल ही में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने के कारण बताए और वर्तमान समय में उसकी प्रभावशीलता का भी मूल्यांकन करें ।

www.prepp.in

6. *(a)* Discuss the concept of 'One Nation, One Election' and its implication on the federal Structure of India. What are the potential advantages and disadvantages of synchronizing elections to the Lok Sabha and State Assemblies ? Analyze. **38**

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा तथा भारत के संघीय ढाँचे पर इसके निहितार्थ पर चर्चा करें । लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने के सम्भावित फायदे और नुकसान क्या हैं ? विश्लेषित कीजिए ।

***Or / अथवा***

*(b)* Throwing light on the increasing women participation in Indian politics and society and the Women's Reservation Act, 2023 (Narishakti Vandan Act, 2023), Analyze the social, economic and political changes taking place in Indian society due to its implementation. **38**

भारतीय राजनीति एवं समाज में बढ़ती महिला सहभागिता तथा महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 (नारीशक्ति वन्दन अधिनियम, 2023) पर प्रकाश डालते हुए, इसके क्रियान्वयन से भारतीय समाज में होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिवर्तनों का विश्लेषण कीजिए ।

## Section – III
## खण्ड – III

7. The following table demonstrates the number of candidates appeared, qualified and selected in a competitive examination from five States Delhi, Himachal Pradesh (H.P.), Uttar Pradesh (U.P.), Punjab and Haryana over the years 1994 to 2000. Study the table carefully and answer the questions given below it :

| Year | Delhi | | | H.P. | | | U.P. | | | Punjab | | | Haryana | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Appeared | Qualified | Selected | Appeared | Qualified | Selected | Appeared | Qualified | Selected | Appeared | Qualified | Selected | Appeared | Qualified | Selected |
| **1994** | 8000 | 850 | 94 | 7800 | 810 | 82 | 7500 | 720 | 78 | 8200 | 680 | 85 | 6400 | 700 | 75 |
| **1995** | 4800 | 500 | 48 | 7500 | 800 | 65 | 5600 | 620 | 85 | 6800 | 600 | 70 | 7100 | 650 | 75 |
| **1996** | 7500 | 640 | 82 | 7400 | 560 | 70 | 4800 | 400 | 48 | 6500 | 525 | 65 | 5200 | 350 | 55 |
| **1997** | 9500 | 850 | 90 | 8800 | 920 | 86 | 7000 | 650 | 70 | 7800 | 720 | 84 | 6400 | 540 | 60 |
| **1998** | 9000 | 800 | 70 | 7200 | 850 | 75 | 8500 | 950 | 80 | 5700 | 485 | 60 | 4500 | 600 | 75 |
| **1999** | 9200 | 780 | 75 | 8000 | 870 | 80 | 9000 | 920 | 75 | 6000 | 490 | 65 | 5500 | 650 | 80 |
| **2000** | 8800 | 750 | 72 | 8500 | 900 | 88 | 8000 | 900 | 82 | 6300 | 500 | 62 | 6000 | 620 | 78 |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

निम्नलिखित सारणी वर्ष 1994 से 2000 के दौरान पाँच राज्यों दिल्ली, हिमाचल प्रदेश (हि.प्र.), उत्तर प्रदेश (उ.प्र.), पंजाब एवं हरियाणा से एक प्रतियोगी परीक्षा में शामिल, अर्हता प्राप्त एवं चयनित उम्मीदवारों की संख्या को प्रदर्शित करती है । सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

| वर्ष | दिल्ली | | | हि.प्र. | | | उ.प्र. | | | पंजाब | | | हरियाणा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शामिल | अर्हता प्राप्त | चयनित | शामिल | अर्हता प्राप्त | चयनित | शामिल | अर्हता प्राप्त | चयनित | शामिल | अर्हता प्राप्त | चयनित | शामिल | अर्हता प्राप्त | चयनित |
| 1994 | 8000 | 850 | 94 | 7800 | 810 | 82 | 7500 | 720 | 78 | 8200 | 680 | 85 | 6400 | 700 | 75 |
| 1995 | 4800 | 500 | 48 | 7500 | 800 | 65 | 5600 | 620 | 85 | 6800 | 600 | 70 | 7100 | 650 | 75 |
| 1996 | 7500 | 640 | 82 | 7400 | 560 | 70 | 4800 | 400 | 48 | 6500 | 525 | 65 | 5200 | 350 | 55 |
| 1997 | 9500 | 850 | 90 | 8800 | 920 | 86 | 7000 | 650 | 70 | 7800 | 720 | 84 | 6400 | 540 | 60 |
| 1998 | 9000 | 800 | 70 | 7200 | 850 | 75 | 8500 | 950 | 80 | 5700 | 485 | 60 | 4500 | 600 | 75 |
| 1999 | 9200 | 780 | 75 | 8000 | 870 | 80 | 9000 | 920 | 75 | 6000 | 490 | 65 | 5500 | 650 | 80 |
| 2000 | 8800 | 750 | 72 | 8500 | 900 | 88 | 8000 | 900 | 82 | 6300 | 500 | 62 | 6000 | 620 | 78 |

(a) For which State the average number of candidates selected over the years is maximum ? **6**

किस राज्य के लिये विभिन्न वर्षों में चयनित उम्मीदवारों का औसत अधिकतम है ?

(b) For which year the percentage of candidates qualified from Haryana over the candidates appeared from Haryana is highest ? **6**

किस वर्ष के लिये हरियाणा से अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों का हरियाणा से शामिल उम्मीदवारों पर प्रतिशत अधिकतम है ?

(c) In the year 1999, which State had the lowest percentage of candidates selected over the candidates appeared from that State ? **6**

वर्ष 1999 में किस राज्य में चयनित उम्मीदवारों का उस राज्य से शामिल उम्मीदवारों पर प्रतिशत न्यूनतम है ?

(d) For which State the ratio of candidates selected and the candidates qualified is highest for the year 1997 ? **6**

किस राज्य के लिये वर्ष 1997 में चयनित उम्मीदवारों और अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों का अनुपात अधिकतम है ?

(e) Which state has the highest percentage of total candidates selected over the total candidates appeared from that State during the years under consideration ? **6**


किस राज्य में विचाराधीन वर्षों के दौरान कुल चयनित उम्मीदवारों का उस राज्य से शामिल कुल उम्मीदवारों पर प्रतिशत अधिकतम है ?

(*f*) Find the ratio of the total candidates selected, qualified and appeared from U.P. during the year 1994 to 2000. **6**


वर्ष 1994 से 2000 के दौरान उ.प्र. से कुल चयनित, अर्हता प्राप्त एवं शामिल उम्मीदवारों का अनुपात ज्ञात कीजिये ।

***Or / अथवा***

The bar diagram given below shows the production (in tons) of three crops – paddy, wheat and maize during the year 2002 to 2005 in a country. Study the diagram carefully and answer the questions given below it :




नीचे दिया गया लेखाचित्र किसी देश में वर्ष 2002 से 2005 के दौरान तीन फसलों–धान, गेहूँ और मक्का के उत्पादन (टन में) को दर्शाता है । चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिये :




(*a*) What is the ratio of total production of paddy, wheat and maize in the country during the year 2002 to 2005 ? **6**

देश में वर्ष 2002 से 2005 के दौरान धान, गेहूँ और मक्का के कुल उत्पादन का अनुपात क्या है ?

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

(b) The total production of maize is what percentage of the total production of the three crops during the years under consideration ? **6**

विचाराधीन वर्षों के दौरान मक्का का कुल उत्पादन, तीनों फसलों के कुल उत्पादन का कितना प्रतिशत है ?

(c) The average production of wheat is what percentage of the average production of paddy during the years under consideration ? **8**

विचाराधीन वर्षों के दौरान गेहूँ का औसत उत्पादन, धान के औसत उत्पादन का कितना प्रतिशत है ?


(d) What percentage of the production of maize should be increased or decreased, so that the total production of maize is exactly half of the total production of paddy in the country during 2002 – 2005 ? **8**

मक्के का उत्पादन कितने प्रतिशत बढ़ाया अथवा घटाया जाए कि देश में 2002 – 2005 के दौरान मक्के का कुल उत्पादन, धान के कुल उत्पादन का ठीक आधा हो जाए ?


(e) If in the year 2004, the production of wheat is increased by 50% and the production of paddy is decreased by 40%, then the production of paddy will be what percentage of the production of wheat ? **8**

यदि वर्ष 2004 में गेहूँ का उत्पादन 50% बढ़ जाता है तथा धान का उत्पादन 40% कम हो जाता है, तो धान का उत्पादन, गेहूँ के उत्पादन का कितने प्रतिशत होगा ?

**8.** The following pie-charts represent the expenditure (in rupees) of two families A and B. Study the charts carefully and answer the questions given below them :




Family A
(Total Expenditure : Rs. 30,000)





Family B
(Total Expenditure : Rs. 45,000)

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

निम्न पाई–रेखाचित्र दो परिवारों A तथा B के व्यय (रुपयों में) को दर्शाते हैं । रेखाचित्रों का ध्यान से अध्ययन कीजिये तथा उनके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये :




(a) What is the total expenditure of the two families (in rupees) on food ? **6**

दोनों परिवारों का भोजन में कुल व्यय (रुपयों में) कितना है ?

(b) The total expenditure of the two families on fuel is what percent of the total expenditure of the two families on clothing ? **6**

दोनों परिवारों का ईंधन में हुआ कुल खर्च उनके कपड़ो में हुए कुल खर्च का कितना प्रतिशत है ?

(c) If the expenditure of the two families on food and house rent is increased by 20% and 30% respectively, then what will be the percentage increase in the total expenditure of the two families combined ? **8**

यदि दोनों परिवारों के भोजन एवं मकान किराया में होने वाले व्यय में क्रमश: 20% एवं 30% की वृद्धि हो जाती है, तो दोनों परिवारों को मिला कर के होने वाले कुल व्यय में कितने प्रतिशत की वृद्धि हो जायेगी ?

(d) The expenditure on clothing for the two families is increased by 15%. What percentage of expenditure on miscellaneous should be decreased by the two families separately, so that their total expenditure remains the same ? **8**


दोनों परिवारों में कपड़े पर होने वाले व्यय में 15% की वृद्धि हो जाती है । दोनों परिवारों में अलग-अलग विविध मदों में होने वाले व्यय में कितने-कितने प्रतिशत की कमी की जाए, ताकि उनका कुल व्यय अपरिवर्तित रहे ?

(e) If the expenditure of the two families on food, clothing and house rent is increased by 10%, 20% and 30% respectively, then find the ratio of their total expenditures on food, clothing and house rent. **8**

यदि दोनों परिवारों का भोजन, कपड़े एवं मकान किराये में होने वाले व्यय में क्रमश: 10%, 20% तथा 30% की वृद्धि हो जाती है, तो उनके भोजन, कपड़े तथा मकान किराये में होने वाले कुल व्यय में अनुपात ज्ञात कीजिये ।

***Or / अथवा***


The following graph shows the exports from three companies X, Y and Z (in Rs. crores) during the year 1993 to 1999. Study the graph carefully and answer the questions given below it :



www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

निम्न आलेख तीन कम्पनियों X, Y एवं Z से वर्ष 1993 से 1999 के दौरान हुए निर्यात (करोड़ रुपयों में) को दर्शाता है। आलेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिये :




(a) Which company had the steepest rise in its exports compared to the previous year and in which year ? **6**

किस कम्पनी में हुए निर्यात में पिछले वर्ष के मुकाबले, सर्वाधिक वृद्धि हुई एवं किस वर्ष में ?

(b) Which company had the highest percentage increase in its exports in the year 1999 as compared to the year 1993 and what was this percent ? **6**

किस कम्पनी में वर्ष 1993 की तुलना में वर्ष 1999 में निर्यात में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि हुई और यह कितने प्रतिशत थी ?

(c) If in the year 2000, the exports of the three companies X, Y and Z are increased by 10%, 20% and 30% respectively as compared to their exports in the previous year, then what will be the ratio of their exports in the year 2000 ? **8**

यदि वर्ष 2000 में तीन कम्पनियों X, Y तथा Z के निर्यात में पिछले वर्ष में निर्यात की तुलना में क्रमशः 10%, 20% तथा 30% की वृद्धि होती है, तो वर्ष 2000 में उनके द्वारा किये गये निर्यात का अनुपात क्या होगा ?

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

(d) What percentage of export should be increased by the companies X and Y in the year 1996, so that their export becomes double of the export done by company Z in the year 1996 ? **8**

वर्ष 1996 में कम्पनी X तथा Y द्वारा अपने निर्यात को कितने प्रतिशत बढ़ाया जाए कि उनका निर्यातवर्ष 1996 में कम्पनी Z द्वारा किए गए निर्यात का दो गुना हो जाय ?

(e) If in 1992, the export by the company Z was 30% less than that in 1993 and the export by the company X was 30% more than that in 1993, then what was the difference (in Rs. crores) between the exports by the companies Z and X in the year 1992 ? **8**

यदि 1992 में कम्पनी Z का निर्यात 1993 के निर्यात से 30% कम था तथा कम्पनी X का निर्यात 1993 के निर्यात से 30% अधिक था, तो वर्ष 1992 में कम्पनी Z एवं X के निर्यात में कितना अंतर (करोड़ रुपयों में) था ?

Prepp Your Personal Exam Guide